एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)



अखियों से गोली मारे के रीमेक में दिखेंगी भूमि-अनन्या

बॉलीवुड अभिनेत्री भूमि पेडनेकर , अनन्या पांडे और अभिनेता कार्तिक आर्यन गोविंदा-रवीना टंडन के सुपरहिट सॉन्ग 'अखियों से गोली मारे' के रीमेक में दिखेंगे। कार्तिक आर्यन ,भूमि पेडनेकर और अनन्या पांडे इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म 'पति पत्नी और वो की शूटिंग में व्यस्त हैं। फिल्म में कार्तिक के अपोजिट भूमि पेडनेकर और अनन्या पांडे नजर आएंगी। भूमि, कार्तिक की पत्नी के किरदार में नजर आएंगी वहीं अनन्या 'वो' बनेंगी। इस फिल्म से जुड़ी अब एक नई खबर सामने आ रही है। फिल्म में गोविंदा और रवीना टंडन के सुपरहिट सॉन्ग 'अखियों से गोली मारे' को री क्रिएट किया जाएगा।यह गाना वर्ष 1998 में रिलीज हुई गोविंदा और रवीना की फिल्म दूल्हे राजा का सुपरहिट सॉन्ग का रीमेक होगा। इस गाने को कोरियोग्राफ मशहूर कोरियोग्राफर फराह खान करेंगी।

फराह खान के फिल्म का हिस्सा बनने को लेकर निर्देशक मुदस्सर अजीज काफी उत्साहित हैं। इस बारे में अपनी खुशी ज़ाहिर करते हुए उन्होंने कहा, फराह खान इस गाने को कोरियोग्राफ करेंगी। उनके फिल्म का हिस्सा बनने से मैं बहुत ही खुश हूं क्योंकि उन्होंने मेरे असिस्टेंट डायरेक्टर से लेकर लेखक और अब निर्देशक बनने तक के सफर को करीब से देखा है।'' गौरतलब है कि पति पत्नी और वो वर्ष 1978 में प्रदर्शित बी आर चोपड़ा की फिल्म पति पत्नी और वो का रीमेक है। फिल्म में संजीव कुमार समेत विद्या सिन्हा और रंजीता लीड रोल में नजर आए थे। यह फिल्म इस साल ०६ दिसंबर को रिलीज होगी।

शक्ति मोहन डांस प्लस के 5वें सीजन में नहीं नजर आएंगी

डांस रियलिटी शो डांस प्लस के पिछले चार सीजन की मेंटर शक्ति मोहन के फैंस के लिए बुरी खबर है. जी हां, शक्ति जिन्होंने शो के लिए पिछले चार सीजन से कोरियोग्राफर पुनीत जे पाठक और धर्मेश योलांडे के साथ कैप्टन के तौर पर नजर आई थीं, ऐसी खबरें हैं कि वह शो के अगले सीजन में नहीं नजर आएंगी. उनकी जगह सुरेश मुकुंद और करिश्मा चव्हाण शो में बतौर कैप्टन नजर आने वाले हैं.

खबर को मानें तो सूत्रों ने इस बात की पुष्टि की हैं कि बीते सीजन में कोई कमाल नहीं करने से निराश शक्ति पांचवें सीजन में दिखने के लिए बहुत उत्सुक नहीं थी. एक सूत्र ने कहा, बीते सीजन में, अन्य दो कप्तानों- धर्मेश और पुनीत ने अपनी-अपनी टीमों के साथ शो को जीता है, लेकिन शक्ति की टीम किसी भी सीजन में जीत हासिल नहीं कर पाई हैं.

शक्ति ने रेमो डीसूजा के साथ बैठकें कीं, लेकिन वास्तव में कुछ भी काम नहीं आया और उन्होंने आखिरकार बाहर निकलने का फैसला किया. जब बीटी ने रेमो से बात की, तो उन्होंने कहा, हां, मैंने शक्ति के साथ कुछ बैठकें की थीं और हम उनके लिए बोर्ड में बातचीत करने के लिए तैयार थे, लेकिन कुछ डेट के मुद्दे थे. वह उन डेट पर शो के लिए शूटिंग शुरू नहीं कर सकती थीं.

मुझे नहीं लगता है कि शक्ति के डेट के अलावा कोई अन्य मुद्दा होगा है. हालांकि, इस बारे में शक्ति ने किसी तरह का कोई बयान नहीं दिया है.

सोशल मीडिया ट्रोलिंग की चिंता नहीं करतीं सोनाक्षी

बॉलीवुड की दबंग गर्ल सोनाक्षी सिन्हा सोशल मीडिया पर अब ट्रोलिंग की परवाह नहीं करतीं हैं। सोनाक्षी ने अपने मोटापे पर निशाना साधकर ट्रोलिंग करने वालों को करारा जवाब देते हुए आड़े हाथों लिया। सोनाक्षी ने एक वीडियो शेयर किया है, इसमें उन्हें सोशल मीडिया पर उन्हें मिलने वाले संदेशों को पढ़ते हुए देखा जा सकता है। सोनाक्षी ने वीडियो को शेयर कर कमेंट किया,कमरे में बैठे हाथी के बारे में बात करते हैं। वर्षों तक मुझे मेरे वजन के कारण ट्रोल किया गया। मुझे कभी भी इसपर रिएक्शन देने की आवश्यकता महसूस नहीं हुई क्योंकि मुझे हमेशा लगता था कि मेरा उद्देश्य इससे बड़ा है। सोनाक्षी ने कहा,ट्रोल करने वाले वे लोग है जो सिर्फ तुम्हारे वाइब को मारना चाहते हैं। इन लोगों के पास हर समय दूसरों को जज करने के अलावा और कोई काम नहीं होताद्य इसलिए वे कुछ भी कहते हैं। कभी-कभी हमें गुस्सा, दु:ख या सुन्न महसूस करते हैं, लेकिन अब हम इसपर सिर्फ हंसते हैं क्योंकि ये लोग क्या हैं, एक मजाक है। ३० किलोग्राम वजन कम करने के बाद भी ट्रोलर्स इस पर कायम हैं। अब वह भाड़ में जाए क्योंकि सोनाक्षी यहां एक कारण से हैं। मैंने इसे वैसे ही बनाया है जैसे मैं हूं और मेरे पास छिपाने के लिए कुछ भी नहीं है। इनसे मेरा कुछ नहीं बिगड़ता, मेरा वजन भी नहीं और नहीं मेरी छवि को कोई नुकसान होता हैं। मुझे मेरा उद्देश्य बड़ा बनाता है।